हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 03 अंक–268 : जौनपुर, बुधवार 02 फरवरी 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर दे जोर – जिला निर्वाचन अधिकारी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट मीटिंग कक्ष में बैठक हुई, जिसमें मतदाता जागरूकता फोरम के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 को दृष्टिगत रखते हुए स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत बड़े पैमाने पर मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम चलाया जा है। जिसके तहत प्रत्येक कार्यालय में वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन किया गया है। जिसमें कार्यालय का प्रमुख अध्यक्ष होता है तथा एक सीनियर आफिसर को नोडल अधिकारी नामित किया जाता है। नोडल अधिकारी अपने कार्यालय में कार्यरत सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सभी मतदाताओं को अपने क्षेत्र में मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि निर्वाचन जागरूकता को प्रोत्साहित करने के लिए सभी सरकारी विभागों, केन्द्र सरकार के जिला में कार्यरत कार्यालय, गैर–सरकारी विभागों तथा अन्य संस्थानों में मतदाता जागरूकता फोरम (वीएएफ) बनाये गये। यदि अभी भी किसी कार्यालय या संस्थान में मतदाता जागरूकता फोरम का गठन नहीं हुआ है तो तत्काल गठन कर इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराये तथा निरन्तर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

चलाए और मतदाताओं को 07 मार्च को मतदान करने के लिए जागरुक व प्रेरित करें, जिसमें जनपद जौनपुर का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक–से–अधिक मतदाताओं को जागरूक होना आवश्यक है। इसके लिए लोगों को अपने निर्वाचन क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की जानकारी ऑनलाइन प्राप्त करने की प्रक्रिया, ईवीएम वीवीपैट के विषय में जानकारी के साथ–साथ वोटर हेल्पलाइन, पीडब्ल्यूडी व केवाईसी ऐप अन्य प्रचार–प्रसार के माध्यमों एवं कार्यक्रमों से लोगों को मतदाता के अधिकार एवं मतदान की महत्ता के विषय में जानकारी हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला विकास अधिकारी बी0बी0 सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट, सभी उप जिलाधिकारी, सभी आर ओ, प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल, जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा सहित सभी विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

'विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 अधिसूचना जारी होने के प्रथम दिवस में कुल 30 नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किये गये

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान सभा सामान्य निर्वाचन–2022 को जनपद के सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिये जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रवीश गुप्ता द्वारा जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के प्रथम कार्य दिवस में 30 नामांकन पत्र राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा क्रय किए गये। '187–विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र इसौली' से कुल 03 नामांकन पत्र क्रय किये गये, जिनमें निर्दलीय प्रत्याशी रामेश कुमार पुत्र राम सजीवन, जमाल अहमद पुत्र अब्दुल कलाम, अरविन्द कुमार मिश्र पुत्र सुधाकर मिश्र है।'188–सुलतानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र' से कुल 06 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिनमें निर्दलीय प्रत्याशी शिवमंगल चौरसिया पुत्र विश्वनाथ चौरसिया, मो0 कप्तान पुत्र मो0 मतीन, समावादी पार्टी से अनूप सण्डा पुत्र टी0एन0 सण्डा, बहुजन समाज पार्टी से देवी सहाय मिश्र पुत्र राम बहादुर मिश्र, राष्ट्रीय इन्साफ पार्टी से हरीलाल पुत्र जयश्री, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से फिरोज अहमद खान पुत्र इकबाल अहमद खान हैं। '189–विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र सदर (जयसिंहपुर)' कुल 09 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिनमें राष्ट्रीय डेमोक्रेटिब फ्रन्ट से हरीलाल पुत्र जयश्री, बहुजन समाज पार्टी से ओम प्रकाश पुत्र समरथ, निर्दलीय प्रत्याशी मो0 नफीस खान पुत्र मो0 अमीनुद्दीन, नीवेदिता वर्मा पत्नी अरूण वर्मा, अशोक कुमार पुत्र राम दयाल, पर्मिला पत्नी अनिल कुमार, आजाद समाज पार्टी कांशीराम से अनीस अहमद खान पुत्र मो0 अमीनुद्दीन खान, समाजवादी पार्टी से अरूण वर्मा पुत्र कमलाकान्त वर्मा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से अभिषेक सिंह राणा पुत्र अशोक कुमार सिंह। '190–लम्भुआ विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र' से कुल 05 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिनमें समाजवादी पार्टी से संतोष पाण्डेय पुत्र रामचन्द्र पाण्डेय, एस0यू0सी0आई0 कम्यूनिस्ट से राजेन्द्र प्रसाद मौर्य पुत्र राम सुमेर मौर्य, बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा पुत्र राम सूरत वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी महमूद अहमद पुत्र समीउल्लाह, आम जनता पार्टी इण्डिया से मंजूलता पाल पुत्री राजपाल हैं। '191–कादीपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र' से कुल 07 नामांकन पत्र विभिन्न प्रत्याशियों द्वारा क्रय किये गये, जिनमें सर्वप्रथम विकास शील इन्साफ पार्टी से संतोष कुमार पुत्र स्व0 राम आधार, निर्दलीय प्रत्याशी पुष्पाजंलि पत्नी अंकुर, रीना पत्नि प्रमोद, राजित राम पुत्र पंचम, धर्मेन्द्र कुमार पुत्र राम नयन, बहुजन समाज पार्टी से हीरालाल गौतम पुत्र बलजोर, कांग्रेस पार्टी से निकलेश सरोज पुत्री राजाराम हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश होगा तथा कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध तथा वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी/प्रभारी अधिकारी पन्नालाल सहित नामित सभी अधिकारियों द्वारा वैरीकेटिंग पर पैनी नजर रखी गयी। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। नामांकन के दौरान अभ्यर्थी व प्रस्तावक सहित 05 व्यक्तियों को ही प्रवेश आयोग के निर्देशानुसार दिया गया।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

बच्चों को बांटा गया पुष्टाहार और राशन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रदेश की योगी सरकार द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र पर पढ़ने वाले बच्चों और उनकी माताओं को निशुल्क राशन वितरण किया जा रहा है।इसी क्रम में आज जहांगीराबाद रुहट्टा में सुपरवाइजर शीला सिंह द्वारा3 आंगनवाड़ी सेंटरो पर लगभग 100 बच्चो को सरकार द्वारा दिये जाने वाला फ्री में पुस्ताहार बाटा गया। पुष्टाहार का वितरण सुषमा श्रीवास्तव नीलम देवी मीरा देवी के सेंटरों पर किया गया। बच्चो सहित गर्भवती व धात्री महिलाओं को भी राशन वितरण किया गया।राशन में दाल, दलिया, चावल ,रिफाइंड चने की दाल आदि का वितरण किया गया।वितरण में गुलशन जहां सहायिका ,नीलम देवी आंगनवाड़ी द्वारा विशेष रूप से सहयोग किया गया।

सपा ने काटा सीटिंग विधायक का टिकट : बसपा छोड़कर आए पूर्व सांसद को बनाया इसौली से अपना प्रत्याशी

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जिले की बहुचर्चित सीट इसौली विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी ने अपने सीटिंग विधायक अबरार अहमद का टिकट काटकर बहुजन समाजवादी पार्टी छोड़ कर सपा का दामन थामने वाले पूर्व सांसद ताहिर खान को पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित किया है पूर्व सांसद ताहिर खान ने दावा किया है कि जिस तरह समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर लगातार दो बार जीत दर्ज की थी उसी तरह इस बार जीत दर्ज करके पार्टी हैट्रिक बनाएगी समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी ताहिर खान ने दावा किया है कि इस बार रिकॉर्ड मतों से पार्टी इस क्षेत्र से जीत दर्ज करेगी उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश की सरकार से जनता ऊब गई है इस बार महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार मेन मुद्दा होगा इन्हीं मुद्दों पर सरकार के खिलाफ क्षेत्र की जनता वोट करेगी मंगलवार को जैसे ही पूर्व सांसद ताहिर खान को अपना प्रत्याशी घोषित किया वैसे ही काफी दिनों से प्रत्याशी चयन को लेकर जो अटकलों का बाजार गर्म था वह शांत हो गया सबसे ज्यादा दावेदार समाजवादी पार्टी की ओर से इसी सीट पर थे हर कोई अपने आप को मजबूत दावेदार साबित करने में लगा हुआ था यही वजह थी कि पार्टी को प्रत्याशी चयन करने में इतनी देरी हुई समाजवादी पार्टी की ओर से इसौली विधानसभा क्षेत्र का दो बार लगातार चुनाव जीतने वाले अबरार अहमद सबसे मजबूत दावेदार थे लेकिन उनके खराब स्वास्थ्य ने इस बार उनका साथ नहीं दिया खराब स्वास्थ्य के कारण पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी नहीं बनाया अबरार अहमद खुद को सबसे मजबूत दावेदार के रूप में पेश कर रहे थे और पार्टी से खुद के लिए टिकट की मांग कर रहे थे अबरार अहमद का कहना था कि अगर पार्टी उनके खराब स्वास्थ्य के कारण उन्हें टिकट नहीं देना चाहती है तो उनके पुत्र को प्रत्याशी बनाया जाए लेकिन पार्टी ने उनकी एक नहीं सुनी और उनका टिकट काटकर बसपा छोड़कर सपा में आए पूर्व संसद ताहिर खान को प्रत्याशी बनाकर तमाम उम्मीदवारों की दावेदारी को खत्म कर दिया।

मौनी अमावस्या के पर्व पर संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी : चप्पे–चप्पे पर रही फोर्स

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)माघ मास की मौनी अमावस्या उदय व्यापिनी होने के कारण एक फरवरी को मनायी गयी।इस संबंध में माघ मेला प्रभारी प्रयागराज राजीव नारायण मिश्र ने बताया कि मौनी अमावस्या पर भौमवती अमावस्या के दुर्लभ संयोग के कारण संगम के तट पर स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं का पुण्य की कामना के साथ स्नान और दान करने के लिए रेला उमड़ा।तीर्थराज प्रयागराज की पावन धरती पर माघ मेला के तीसरे और सबसे प्रमुख स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर लाखों–लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र पावन संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। घने कोहरे और तेज शीतलहर के बीच मध्य रात्रि से ही स्नान प्रारम्भ हो गया तथा दिन भर स्नान का सिलसिला अनवरत जारी रहा। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन व सुरक्षित स्नान हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किए गए, जिसके तहत सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नागरिक पुलिस, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, अग्निशमक दल, पीएसी के जवान, घुड़सवार पुलिस, आरएएफ, एटीएस के कमाण्डो व बम निरोधक दस्ता की टीमें व्यवस्थापित की गई। संगम घाट पर जल पुलिस के साथ मोटर–बोट नियुक्त कर स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु कड़े प्रबन्ध किये गये तथा गोताखोरों की नियुक्ति की गई, स्टीमर के माध्यम से लगातार संगम घाटों का निरीक्षण किया जा रहा था। सुरक्षा के दृष्टिगत घाटों/जल में लगे एसडीआरएफ/फ्लड कम्पनी के जवानों द्वारा कड़ी निगरानी की गई, सभी स्नानार्थियों से अनुरोध किया गया कि सावधानी पूर्वक स्नान करें, किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु को हाथ न लगायें। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों तथा ड्रोन के माध्यम से चप्पे–चप्पे पर नजर रखी गई, मेला क्षेत्र में आने वाले स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं को आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए मेला क्षेत्र में 6 स्थानों पर पार्किंग की समुचित व्यवस्था की गई तथा यह भरसक प्रयास किया गया कि संगम स्नान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को स्नान घाट तक पहुँचने के लिए न्यूनतम पैदल चलना पड़े। इस दौरान मेला क्षेत्र में भूले भटके शिविर द्वारा बिछड़े हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाया गया।इस अवसर पर एडीजी जोन प्रेम प्रकाश, पुलिस महानिरीक्षक राकेश

सिंह,पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ0 राजीव नारायण मिश्र, एसएसपी प्रयागराज अजय पाण्डेय व नोडल पुलिस अधिकारी अरुण कुमार दीक्षित लगातार मेला क्षेत्र में रहकर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कराते रहे। मेला में आये श्रद्धालुओं से लगातार अनुरोध किया गया कि वह 'कोविड–19' के संक्रमण को रोकने व बचाव हेतु कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें व मेले की स्वच्छता व सुरक्षा में हमारा सहयोग करें। सभी '16' प्रवेश द्वारों पर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों द्वारा श्रद्धालुओं से विनम्र होकर 'कोविड–19 प्रोटोकॉल' का नियमानुसार पालन करवाया गया। मेला प्रभारी डॉ0 मिश्र प्ै द्वारा समस्त पुलिस कर्मियों को भ्रमण के दौरान ड्यूटी की कुशलता लेते हुए उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा कमाण्ड सेंटर के माध्यम से मेला क्षेत्र में लगे '150' सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार मेले का हाल लिया गया। मेले की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ सेवा का भाव भी पुलिस कर्मियों के व्यवहार से प्रदर्शित हुआ। सभी उच्चाधिकारियों द्वारा मेला क्षेत्र में आये हुये स्नानार्थियों/श्रद्धालुओं से लगातार उनका कुशल क्षेम पूछा गया। माघ मेला के सबसे मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या को सकुशल व सुरक्षित सम्पन्न कराने हेतु सभी आला अफसर मध्य रात्रि से ही लगातार मेला क्षेत्र में डटे रहे। आस्था एवं श्रद्धा के इस पावन पर्व मौनी अमावस्या पर स्नानार्थियों में धर्म के प्रति काफी आस्था देखने को मिली। मध्य रात्रि से ही स्नान घाटों पर स्नानार्थियों का ताता लगा रहा और दिनभर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा। मौनी अमावस्या पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस बल के अथक प्रयासों के फलस्वरूप आस्था एवं श्रद्धा का यह महापर्व सकुशल सम्पन्न हुआ।

थाना महराजगंज पुलिस ने चोरी के अल्टीनेटर के साथ 04 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी तथा अनावरण हेतु शेष अभियोगो के अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी बदलापुर के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष रमेश कुमार मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 13ध्22 धारा 379 भा0द0वि0 से सम्बन्धित चोरी किये गये अल्टीनेटर के साथ 04 अभियुक्त 1. प्रघुम कुमार गौतम पुत्र रमेश कुमार गौतम निवासी ठेंगहा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. लालसाहब पुत्र राजाराम गौतम

निवासी ठेंगहा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 3. नितीश कुमार उर्फ पाण्डेय पुत्र स्व0 पुर्नमासी निवासी लमहन थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 4. सुजीत विश्वकर्मा पुत्र हरीशचन्द्र विश्वकर्मा निवासी दुगौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर आज दिनांक 02.02.2022 की सुबह थाना क्षेत्र के दुगौली गाँव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त 1. प्रघुम कुमार गौतम पुत्र रमेश कुमार गौतम निवासी ठेंगहा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. लालसाहब पुत्र राजाराम गौतम निवासी ठेंगहा थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 3. नितीश कुमार उर्फ पाण्डेय पुत्र स्व0 पुर्नमासी निवासी लमहन थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 4. सुजीत विश्वकर्मा पुत्र हरीशचन्द्र विश्वकर्मा निवासी दुगौली थाना महराजगंज जनपद जौनपुर बरामदगी– 1. एक अदद अल्टीनेटर 7.5 झट। गिरफ्तारी टीम – 1. उ0नि0 रमेश कुमार – थानाध्यक्ष थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 मुन्नी लाल कन्नौजिया– थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 3. हे0का0 अरसद खान दृ थाना महराजगंज जनपद जौनपुर 4. हे0का0 राकेश कुमार – थाना महराजगंज जनपद जौनपुर।

थाना चन्दवक पुलिस गैगेस्टर एक्ट के दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में आगामी विधान सभा चुनाव के दृष्टिगत वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चन्दवक राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना केराकत के मु0अ0स0 33/22 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्त जिलानी पुत्र नसीर निवासी गौरीगंज बी–11/36 वरुणा कमिश्नेरेट वाराणसी थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी व इम्तियाज पुत्र मो0 इसरायिल निवासी फारुखी नगर बजतिता (बजरडीहा) वरुणा कमिश्नरेट थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक 02.02.2022 को मुढैला तिराहे से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तदृ1. जिलानी पुत्र नसीर निवासी गौरीगंज ठ–11/36 वरुणा कमिश्नेरेट वाराणसी थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी। 2. इम्तियाज पुत्र मो0 इसरायिल निवासी फारुखी नगर बजतिता (बजरडीहा) वरुणा कमिश्नरेट थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी। आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0स0 33/22 धारा 3(1) गैगेस्टर एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2.मु0अ0सं0 143/21 धारा 3/5/8 गोवध निवा0 अधिनियम थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम 1–

एसओ श्री राजाराम द्विवेदी, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर । 2– उ0नि0 श्री ददन प्रसाद सिंह,थाना–चन्दवक,जनपद–जौनपुर। 3– हे0का0 सुमन्त सिंह, थाना–चन्दवक, जनपद– जौनपुर 4– हे0का0 विजय दूबे,थाना–चन्दवक,जनपद–जौनपुर। 5– हे0का0 मुकेश कुमार सिंह, थाना–चन्दवक,जनपद–जौनपुर 6– का0 राहुल कुमार यादव, थाना–चन्दवक,जनपद–जौनपुर 7– रि0म0का0 पूनम, थाना–चन्दवक,जनपद–जौनपुर।

स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु की गई बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2022 के दृष्टिगत निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी / राजस्व विभाग के अधिकारी व प्रभारी निरीक्षक की अध्यक्षता में ग्राम प्रधान, कोटेदार व सभ्रांत व्यक्तियों की मीटींग की गयी तथा चुनाव से संबंधित आदेश निर्देश दिये गये।

रंगदारी मांगने का आरोपीत गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बरसठी थाना क्षेत्र के कुसा गाँव में एक व्यक्ति को रंगदारी मांगने पर बरसठी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।आरोपीत के खिलाफ भदोही जिले का व्यक्ति मुकदमा दर्ज कराया था। भदोही जिले के कुसौंडा गाव के महेंद्र पुत्र हीरा ने बरसठी थाना पर सोमवार को मुकदमा दर्ज कराया था कि कुसा गाँव विनय दुबे पंद्रह हजार रुपये हमसे रंगदारी मांग रहे थे पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था।एसआई अरविंद और रवि पासवान ने मंगलवार को आरोपीत को आलमगंज नहर पुलिया के पास गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
आत्मानुभूति की शक्ति मन की विनाशकारी आदतों को बदलनें का चमत्कार कर देती है।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

बजट 2022: चुनाव का नहीं अर्थव्यवस्था का रखा ख्याल

भारतीय राजनीति में अक्सर यह देखा जाता है कि बजट में चुनावी राज्यों का खास ख्याल रखा जाता है और बजट भाषण में लोक–लुभावन घोषणाएं की जाती हैं। बजट में लोक–लुभावन घोषणाओं का असर भी चुनावी नतीजे पर दिखता है। इसलिए इस बार जब उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं, तो लोगों को उम्मीद थी कि इस बजट में चुनावी राज्यों पर खासा जोर रह सकता है और आम आदमी को खुश करने के लिए लोक–लुभावन घोषणाएं की जा सकती हैं।

उत्तर प्रदेश के चुनाव को तो वर्ष 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल भी कहा जा रहा है, क्योंकि केंद्र की सत्ता का रास्ता उत्तर प्रदेश से होकर ही गुजरता है। एक साल से ज्यादा समय तक दिल्ली की सीमा पर पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के किसान अपनी मांग को लेकर धरने पर बैठे थे, ऐसे में लोगों को उम्मीद थी कि सरकार किसानों को खुश करने के लिए भी कुछ खास घोषणाएं करेगी। हाल के महीनों में पेट्रोल–डीजल के दाम बढ़ने से महंगाई में काफी वृद्धि हुई। महंगाई ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया है। इसके अलावा, लोगों को यह भी उम्मीद थी कि जिन लोगों पर महामारी का सर्वाधिक बुरा असर पड़ा है, उन सबको ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया जाएगा, ताकि लोगों को रोजगार मिल सके और उनकी आय मे बढ़ोतरी हो। साथ ही, कोरोना की दूसरी लहर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य सेवा के लिए दर–दर भटकना पड़ा। ऐसे में उम्मीद थी कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी के लिए भी इस बार के बजट में अच्छा–खासा आवंटन किया जाएगा।

लेकिन इस बजट से ऐसा लगता है कि इसमें चुनावी नतीजे की परवाह नहीं की गई है, क्योंकि महंगाई और रोजगार के संकट का मुद्दा, जो लोगों को काफी सता रहा है, उसके बारे में कोई लोक–लुभावन घोषणा नहीं दिखती है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने महामारी से बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था की नाजुक स्थिति का ध्यान रखते हुए काफी संयम से काम लिया है और एक जवाबदेहीपूर्ण बजट पेश किया है। ऐसा स्वाभाविक भी है, क्योंकि महामारी ने सिर्फ लोगों को ही प्रभावित नहीं किया है, बल्कि उसने अर्थव्यवस्था की भी रीढ़ तोड़ दी है, जिससे धीरे–धीरे उबरने की कोशिश हो रही है। वित्तमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में अमृत काल के आगामी पच्चीस वर्षों का ब्लू–प्रिंट पेश किया है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा।

इस बजट में प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना के तहत इन्फ्रास्ट्रक्चर के विकास पर खास जोर दिया गया है, जिसमें सड़क, रेलवे, हवाई अड्डे, बंदरगाह, ट्रांसपोर्ट, जलमार्ग औरलॉजिस्टिक इन्फ्रास्ट्रक्चर शामिल हैं। इन क्षेत्रों में सरकार खर्च बढ़ाएगी, जिससे नए रोजगार पैदा होंगे। यह अलग बात है कि वे नौकरियां कैसी होंगी और युवा उससे संतुष्ट होंगे या नहीं, यह प्रश्नचिह्न बना हुआ है। सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने का वादा बरकरार रखा है, लेकिन उसे कानूनी दायरे में लाने संबंधी किसानों की मांगों के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है। महंगाई, स्वास्थ्य सेवा आदि को लेकर भी कोई खास महत्वपूर्ण घोषणा इसमें नहीं है।

ढांचागत विकास व आर्थिक वृद्धि पर ध्यान

भारत का सकल घरेलू उत्पाद पिछले साल के 197 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 232 लाख करोड़ होने की उम्मीद है– यानी इसमें 35 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि। इस साल अर्थव्यवस्था की वास्तविक वृद्धि दर 9.2 फीसदी, जबकि नॉमिनल वृद्धि दर, जो वास्तविक वृद्धि दर और मुद्रास्फीति का जोड़ होती है, 17.5 फीसदी बताई जा रही है। महामारी के कारण वर्ष 2020–21 के बदतर प्रदर्शन को देखते हुए यह बहुत ही प्रशंसनीय आंकड़ा है। जबकि अगले वित्त वर्ष में वास्तविक वृद्धि दर आठ से साढ़े आठ फीसदी और नॉमिनल वृद्धि दर 12 फीसदी आंकी जा रही है।

कर संग्रह में वृद्धि इस बजट का एक उल्लेखनीय पहलू है। पिछले साल के बजट में कर संग्रह का लक्ष्य 22.17 लाख करोड़ रुपये था, जिसे संशोधित कर 25.16 लाख करोड़ किया गया–यानी तीन लाख करोड़ की वृद्धि। लेकिन कुल कर संग्रह इससे अधिक–यानी 26.13 लाख करोड़ रुपये हो सकता है। कर संग्रह के संशोधित आकलन में भी सरकार ने एक से डेढ़ लाख करोड़ की कमी दिखाई है। अगर सरकार ने सही आंकड़े रखे होते, तब शायद वह राज्यों को कुछ अधिक फंड आवंटित कर पाती या इससे करदाताओं को थोड़ी राहत दी जा जा सकती थी। मौजूदा वित्त वर्ष का विनिवेश लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ था, जिसे संशोधित लक्ष्य में घटाकर 78,000 करोड़ रुपये किया गया। अगले वित्त वर्ष में सरकार ने विनिवेश का लक्ष्य जान–बूझकर कम यानी 65,000 करोड़ रखा है।

इस साल सार्वजनिक उपक्रमों और रिजर्व बैंक से लाभांश के मोर्चे पर 143 करोड़ की प्राप्ति की उम्मीद है। हालांकि अगले साल इसके घटकर एक लाख करोड़ रह जाने की आशा है। इस साल 32.46 लाख करोड़ के खर्च का लक्ष्य था, जिसे बाद में बढ़ाकर 34.4 लाख करोड़ किया गया। यानी 3.23 लाख करोड़ की पूरक मांग के बावजूद एक लाख करोड़ की बचत होगी। पिछले बजट में सरकार ने बाजार से उधारी का लक्ष्य 12.05 लाख करोड़ रखा था, जिसे बाद में घटाकर 10.46 लाख करोड़ कर दिया गया। हालांकि आगामी वित्त वर्ष में खर्च बढ़कर 14.95 लाख हो जाने की उम्मीद है। अगले साल का बजट दिलचस्प है, क्योंकि इसमें कर संग्रह का लक्ष्य 27.57 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। जबकि प्रत्यक्ष कर में वृद्धि को देखते हुए कर संग्रह में एक से डेढ़ लाख करोड़ की बढ़ोतरी हो सकती है।

विनिवेश और लाभांश के मोर्चे पर भी सरकार को लक्ष्य से ज्यादा की प्राप्ति हो सकती है। अगले साल कर राजस्व में वृद्धि का आंकड़ा जान–बूझकर कम रखा गया है। बुनियादी

ढांचे, सामाजिक क्षेत्र, आवासन, पेयजल और स्वास्थ्य पर फोकस को देखते हुए 35.08 लाख करोड़ के खर्च का लक्ष्य भी कम ही लगता है। सरकार के वित्तीय आंकड़े अर्थव्यवस्था की मजबूती के बारे में बताते हैं, जिसमें कर राजस्व में वृद्धि दिखती है। बजट में पूंजीगत खर्च में 35.4 फीसदी की वृद्धि है। इस साल वित्तीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 6.9 फीसदी रखा गया है, लेकिन कर संग्रह में वृद्धि के कारण वित्तीय घाटा इससे कम ही रहेगा। जबकि अगले साल के वित्तीय घाटे का लक्ष्य और भी कम यानी 6.4 फीसदी है। दरअसल सरकार को पता है कि अगले साल कर संग्रह में वृद्धि होने वाली है।

उसने खाद्यान्न पर सब्सिडी का खर्च कम रखा है, क्योंकि मुफ्त अनाज वितरण की विशेष योजना आगामी 31 मार्च को खत्म हो जाएगी। बजट की तारीफ की जानी चाहिए, क्योंकि इसमें ढांचागत विकास और आर्थिक वृद्धि पर विशेष ध्यान है। बजट में सबसे हताश करने वाली बात यह है कि लंबे समय से जूझ रहे मध्यवर्ग को न तो कर में छूट दी गई, न ही इसका ध्यान रखा गया कि कठिन समय में उसके हाथ में ज्यादा पैसे आएं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

नामांकन के पांचवे दिन कुल 18 नामांकन पत्र खरीदे गये:–जिला निर्वाचन अधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने बताया है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन 2022 हेतु आज नामांकन के पांचवे दिन जनपद के अन्तर्गत आने वाली कुल 08 विधान सभा क्षेत्रों हेतु नामांकन के कुल 18 नामांकन पत्र खरीदे गये, तथा आज कुल 28 नामांकन पत्र दाखिल किये गये। उन्होने बताया है कि विधान सभा क्षेत्र सवायजपुर–154 में कुल 05 नामांकन पत्र खरीदें गये जिसमें से मुनेन्द्र सिंह ने 01, अनुपम प्रताप सिंह ने 01, सूरज प्रकाश ने 02 व मनोज कुमार ने 01सेट खरीदा। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र शाहाबाद–155 में कुल 02 नामांकन पत्र खरीदे गये जिसमें से लालमन ने 01 व शिवकुमार ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र–156 हरदोई मे कुल 04 नामांकन पत्र खरीदें गये जिसमे से सुशील कुमार ने 03 व जागेश्वर ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र गोपामऊ–157 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से राजेश्वरी ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र साण्डी–158 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से कमल वर्मा ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र बिलग्राम–मल्लावां–159 में कुल 01 नामांकन पत्र खरीदा गया जिसमें से देवी चरन ने 01 सेट खरीदा। विधान सभा क्षेत्र बालामऊ–160 में कुल 02 नामांकन पत्र खरीदे गयें जिसमें से सन्दीप कुमार ने 01 व राजेन्द्र कुमार ने 01 सेट खरीदा। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र सण्डीला–161 में कुल 02 नामांकन पत्र खरीदे गये जिसमें से रफीक ने 02 सेट खरीदा। उन्होने बताया है कि नामांकन के पांचवे दिन विधान सभा क्षेत्र–154 सवायजपुर से भाजपा उम्मीदवार माधावेन्द्र प्रताप सिंह, काग्रेंस उम्मीदवार राजवधान सिंह तथा निर्दलीय उम्मीदवार लाल बहादुर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–155 शाहाबाद से बसपा उम्मीदवार अहिवरन, जनसत्ता दल उम्मीदवार परिणीता सिंह, आप उम्मीदवार कमल कुमार शुक्ल व विमल कुमार शुक्ल तथा निर्दलीय उम्मीदवार

राहुल कुमार व सौरभ ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार विधान सभा क्षेत्र–156 हरदोई से भाजपा उम्मीदवार नितिन अग्रवाल, काग्रेस उम्मीदवार आशीष सिंह तथा सपा उम्मीदवार अनिल वर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–157 गोपामऊ से बसपा उम्मीदवार सर्वेश कुमार जनसेवा तथा निर्दलीय उम्मीदवार मुंशीलाल ने रिर्टनिंग आफीसर के सम्मुख प्रस्तुत होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–158 साण्डी से भाजपा उम्मीदवार प्रभाष कुमार, सपा उम्मीदवार उषा वर्मा तथा निर्दलीय उम्मीदवार रामबाबू ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–159 बिलग्राम मल्लावां से बसपा उम्मीदवार कृष्णपाल सिंह उर्फ सतीश वर्मा, जेजीयू उम्मीदवार सुधीर कुमार, आप उम्मीदवार दीपक कुमार तथा निर्दली उम्मीदवार शबनम अत्री ने नामांकन पत्र दाखिल किया। विधान सभा क्षेत्र–160 बालामऊ से काग्रेंस उम्मीदवार सुरेन्द्र कुमार, भाजपा उम्मीदवार रामपाल वर्मा तथा निर्दलीय उम्मीदवार दिलीप मांझी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया तथा विधान सभा क्षेत्र–161 सण्डीला से सो0पा0इण्डिया उम्मीदवार मुन्नालाल, भाजपा उम्मीदवार अलका सिंह, सु0भ0स0पा0 उम्मीदवार सुनील तथा निर्दली उम्मीदवार रावेन्द्र सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार नामांकन के पांचवे दिन कुल 18 लोगो ने रिर्टनिंग आफीसर के सम्मुख प्रस्तुत होकर नामांकन पत्र दाखिल किया।

सौ से अधिक बिछाई जा चुकी इंटरलॉकिंग सड़कें : श्रीप्रकाश शुक्ल

सुजानगंज (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) क्षेत्र के कुशमौल गांव निवासी भाजपा नेता श्री प्रकाश शुक्ल ब्लाक प्रमुख पति ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि महज छः महीने के कार्यकाल में सुजानगंज में चहुंमुखी विकास कार्य किया गया। क्षेत्र में सौ से अधिक इंटरलॉकिंग सड़कें, इतनी ही नालियां, हैंडपंप, ट्रांसफार्मर समेत सभी जरूरतमंद सुविधाओं को जमीन पर उतारा जा रहा है। कोई भी ऐसा क्षेत्र पंचायत सदस्य नहीं रहेगा जिसके गांव में विकास कार्य न पहुंचे। विकास कार्य में किसी भी प्रकार का भेद भाव नहीं किया जा रहा है। सभी कार्य मानक के अनुरूप किया जा रहा है। आज तक किसी ब्लाक प्रमुख ने जितना कार्य अपने पूरे कार्यकाल में किया होगा उससे अधिक कार्य महज छः महीने में ही किया जा चुका है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि पार्टी से विधानसभा के लिए भी टिकट की दावेदारी की है। पिछले करीब बीस वर्षों से समाज सेवा में लगा हूं यदि पार्टी ने मौका दिया तो जनता के आशीर्वाद से विजय अवश्य मिलेगी। पिताजी श्याम नारायण शुक्ल दस वर्षों तक निर्विरोध ग्राम प्रधान भी रहे। पार्टी ने यदि मौका दिया तो जैसे क्षेत्र का विकास हो रहा है वैसे ही विधानसभा का भी विकास होगा। कोई भी गांव विकास कार्य

से अछूता नहीं रहेगा। चिंता प्रधान, सुधीर तिवारी, नितिन तिवारी, दिव्यांशु तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बहुजन समाज पार्टी के विधायक प्रत्याशी विधान सभा पश्चिम लखनऊ कायम रजा खान आज का कर रहे है नामांकन

लखनऊ पत्रकार मृत्युन्जय प्रताप सिंह : पहला प्रधानी का चुनाव 3 वोट से हारने के बाद साल 2000 से लगातार प्रधानी का चुनाव जीत रहे कायम रजा खान इस बार बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक के प्रत्याशी के रूप में मैदान में आए हैं । लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से अपनी किस्मत आजमा रहे कायम रजा खान का कहना है कि इस बार अगर उन्हें लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने मौका दिया तो वह विधायक बनने के बाद विकास के मामले में अति पिछड़े पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा को बहाएंगे । बसपा प्रत्याशी कायम रजा खान का कहना है कि वह कल अपना नामांकन दाखिल करेंगे और औपचारिक रूप से चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे उन्होंने कहा कि वैसे तो वह लगातार दो साल से लखनऊ पश्चिम क्षेत्र की जनता की सेवा में लगे हुए हैं लेकिन वह चाहते हैं कि लखनऊ पश्चिम क्षेत्र की जनता उन्हें इस बार अपने वोट के आशीर्वाद से विधायक बना कर विधान सभा भेजें ताकि वह विधायक बनकर लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का समुचित विकास कर सकें। कायम रजा खान ने बताया कि विधायक न रहते हुए भी उन्होंने पश्चिम क्षेत्र में करीब डेढ़ सौ मीटर की सड़क का निर्माण कराने के साथ ही करीब 70 बिजली के खंभे लगवाए यही नहीं उन्होंने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में एक पुलिया का निर्माण भी कराया है। उन्होंने कहा कि लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में चार लाख 38 हजार मतदाता हैं और यह सभी मतदाता हमारे लिए महत्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के बाद उनकी प्राथमिकता होगी कि लखनऊ पश्चिम क्षेत्र में रहने वाले लाखों जरदोजी कारीगरों के रोजगार के लिए कोशिश की जाए और पश्चिम क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाए । कायम रजा खान का कहना है कि वो चुनाव जीतने के बाद अपने क्षेत्र में बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालयों का निर्माण कराएंगे साथ ही वर्षों से विकास के मामले

में पिछले पुराने लखनऊ के तमाम मुहल्लों की सड़कें प्राथमिकता के आधार पर बनवाएंगे उन्होंने कहा कि मैं लगातार 2 साल से पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में काम कर रहा हूं इस लिए उन्हें उम्मीद है कि इस बार पश्चिम विधानसभा क्षेत्र की जनता उन्हें अपने वोट का आशीर्वाद देकर जिता कर विधानसभा भेजेगी । कायम रजा का कहना है कि उन्होंने सबसे पहला चुनाव प्रधानी का चिनहट के चंदियामऊ से लड़ा था और वह 3 वोट से हार गए थे उसके बाद वह लगातार सन 2000 से प्रधानी का चुनाव जीत रहे हैं उन्होंने कहा कि प्रदेश में बहन कुमारी मायावती इकलौती ऐसी नेता हैं जिनके कार्यकाल में अपराधी अपना सर नहीं उठा पाते थे और भ्रष्टाचार भी ना के बराबर था उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस बार प्रदेश की जनता बहुजन समाज पार्टी को प्रचंड बहुमत दिला कर एक बार फिर से बहन कुमारी मायावती को प्रदेश के मुख्य मुख्यमंत्री पद पर आसीन करेगी। लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी कायम रजा खान ने कहा कि उनकी पार्टी सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की बात करती है और जीतने के बाद वह अपनी पार्टी के नारे को आगे बढ़ाते हुए अपने क्षेत्र की समस्त जनता की सहूलियत के लिए काम करेंगे उन्होंने कहा कि वो 2 साल से लगातार पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में काम कर रहे हैं और उन्हें पूरी उम्मीद है कि क्षेत्र की जनता उन्हें निराश नहीं करेगी।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग मे सुधार की जरूरत : मारुत सिंह

आर एल पाण्डेय उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अन्तर्गत दिसंबर 2016 मे विज्ञापित कनिष्ठ सहायक 2016 भर्ती के अभ्यर्थी मारुत सिंह योगी सरकार मे लगातार इस भर्ती को पुर्ण करने की माँग उठाते रहे, पर योगी सरकार के पुरे 5 वर्षो मे भी पूरी ना हो सकी उनकी भर्ती! मारुत सिंह ने इस आयोग के लंबित पड़े कुल 19 भर्तीयो की सूची बनाकर मुख्य सचिव को भेज, उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की समीक्षा कर इसे सुधारने की माँग उठाई! मारुत सिंह द्वारा आयोग की सुधार की बात उठाये जाने के बाद सभी लंबित भर्ती के अभ्यर्थी उनके साथ जुड़ते गये, और अब 10 मार्च के बाद आयोग के सुधार हेतु एक बड़े आंदोलन की तैयारी है! मारुत का कहना है कि सिर्फ सत्ता पक्ष ही नही बल्कि विपक्ष भी इस आयोग की उपेक्षा करता रहा है, सदन मे कभी भी विपक्ष ने इस आयोग के पीड़ित अभ्यर्थीयो की आवाज पुरजोर तरीके से नही उठाई, ऐसे मे यह जरूरी हो जाता है कि सभी भर्ती के अभ्यर्थी व इस आयोग से राज्य सरकार की नौकरी पाने का चाह रखने वाला हर एक युवा इस बात के लिये माँग उठाये की आयोग मे सुधार हो, सभी लंबित भर्तियां पूरी हो व विज्ञापन से लेकर नियुक्ति तक की प्रक्रिया एक वर्ष के भीतर पूरी हो ! मारुत का कहना है कि इस आयोग की सुस्त कार्यप्रणाली से प्रदेश के 20 से 21 लाख युवा प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते है! यह आयोग राज्य सरकार के वभिन्न विभागो के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पदो को भरने का कार्य करता है! परंतु आयोग के अधिकारियो के लापरवाही और सुस्त रवैया से प्रदेश के युवा मानसिक पीड़ा मे है! योगी सरकार मे निकले भर्तीयो मे सिर्फ एग्रीकल्चर टेक्नीशिकल असिस्टेंट और युवा कल्याण अधिकारी भर्ती के तहत लगभग 2500 पदो पर ही नियुक्ति मिल पाई, इस सरकार की निकली सभी 10 भर्तीया लंबित है जिसमे सबसे चर्चा मे रही ग्राम पंचायत अधिकारी 2018 भर्ती के अभ्यर्थी चयनित होकर भी बेरोजगार बैठे है और पिछली सरकार मे वर्ष 2016 मे निकली आबकारी सिपाही, कनिष्ठ सहायक,आई टी आई अनुदेशक व कम्पूटर आपरेटर भर्ती के अभ्यर्थी आज तक अपने भर्ती के पुर्ण होने के इन्तेजार मे है! विगत 4 वर्षो से जिस लेखपाल भर्ती के विज्ञापन लाने का योगी सरकार ने प्रचार किया वो इस सरकार के कार्यकाल के अंत 2022 मे आयी है इसकी परीक्षा कब होगी कोई अता पता नही! दिसंबर 2019 मे 50 हजार भर्तीया जल्द लाकर उसे 90 दिनो के भीतर पुरा कराने का प्रचार करने वाली योगी सरकार अपने कार्यकाल के अंत मे सिर्फ 19000 पदो पर विज्ञापन जारी की है जिनकी परीक्षाए कब होगी कोई जानकारी नही! मारुत का कहना है कि इस तरह के कार्यप्रणाली से युवा आक्रोशित है अगर सरकारे इस आयोग को लेकर गंभीर नही हुई तो जल्द एक बड़ा आंदोलन होगा!

सीएससी ई गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा 15 दिवसीय स्वच्छ भारत अभियान का हुआ आयोजन

डीकेयू ब्यूरो चीफ गोरखपुर राजनारायण ओझा : सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित ई गवर्नेन्स सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में देश के सभी जिलों में आज दिनांक 1 फरवरी 2022 को अभियान का शुभारंभ करते हुए सभी सीएससी केंद्रों पर स्वच्छ भारत अभियान के जागरूकता हेतु गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संबंधित गांव के आम जनमानस को ऐसे केंद्रों पर इकट्ठा कर अभियान के तहत चलाए जा रहे हैं साफ सफाई के मुहिम को बढ़ावा देने हेतु जागरूक किया गया एवं उनके आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता का पालन करने हेतु निवेदन किया गया। इसी क्रम में जिला गोरखपुर के जिला प्रबंधक विकास कुमार द्वारा बताया गया कि जिला के कुल 582 सीएससी केंद्रों पर गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आम जनमानस को स्वच्छ हेतु जागरूक किया गया। जिला प्रबंधक द्वारा बताया गया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है जिसके द्वारा

हम सभी के स्वास्थ्य सुदृढ़ रहते हैं। स्वच्छता सभी का व्यक्तिगत कर्तव्य है अतः सभी नागरिक को स्वच्छता का पालन अवश्य करना चाहिए। आम जनमानस को अपने घर के आस–पास स्वच्छता रखने से उनके स्वास्थ्य में वृद्धि होती है। कार्यक्रम के अंत में सीएससी केंद्र संचालक एवं जिला प्रबंधक द्वारा आम जनमानस को साफ सफाई हेतु जागरूक होने का निवेदन किया एवं अपने घर के आस–पास सफाई करने का अनुरोध किया।

मतदाताओं की पहली पसंद बनने की ओर अग्रसर हो रहे हैं अजय शंकर दुबे अज्जू भैया

सुजानगंज (विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी) मतदाता नागेश तिवारी का कहना है की विधानसभा मुंगरा बादशाहपुर में विकास के मुद्दे पर नौजवानों के मुद्दे पर किसानों के मुद्दे पर व्यापारियों के मुद्दे पर कोई आवाज उठाता है तो है भाजपा नेता जय शंकर दुबे अज्जूभैया क्षेत्र के विकास की ओर हमेशा अग्रसर रहते हैं। और विगत कई वर्षों से जनता की सेवा कर रहे हैं यदि भारतीय जनता पार्टी अजय शंकर दुबे अज्जू भैया को अपना प्रत्याशी बनाती है तो 70000 वोटों से अधिक जीतने की संभावना क्षेत्रीय लोगों में लगाया जा रहा है और हम सभी मतदाता अज्जू भैया के साथ हैं हर एक वर्ग के लोग समर्थन में अपनी

प्रतिक्रिया दे रहे हैं यदि अजय शंकर दुबे प्रत्याशी हुए थे उनको भारी मतों से विजई बनाया जाएगा।

जिलाधिकारी के आदेश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जेल अधीक्षक एवं रेड क्रॉस के पदाधिकारियों द्वारा महिला कैदियों को उपलब्ध कराया गया हाइजीन किट

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी लखनऊ स्टेट ब्रांच के चेयरमैन एवं महासचिव के मंशानुरूप जिलाधिकारी / अध्यक्ष इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सुलतानपुर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुलतानपुर के संरक्षण में जनपद सुलतानपुर में स्थित अमहट जेल में बंद महिला कैदियों को जेल अधीक्षक उमेश सिंह, जेलर अपूर्व व्रत पाठक, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, रीता श्रीवास्तव के साथ इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष धर्म देव शुक्ल, सचिव जय प्रकाश शुक्ल की निगरानी में आज दिनांक 01 / 02 / 2022 को अमहट जेल में सजा काट रही 50 महिला कैदियों को हाइजीनकिट मास्क व सेनेट्राइजर साबुन आदि उपलब्ध कराया गया। इस कार्यक्रम में महिला विंग यूथ रेड क्रॉस

सोसाइटी की अध्यक्ष सुषमा मिश्रा सचिव सरस्वती मिश्रा रक्त सुरक्षित जीवन समित के सचिव सुभाष कुमार प्रजापति रुचि पाल कोमल तिवारी आदि मौजूद रहे।

राजेश यादव बने सपा के जिला सचिव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के आदेश पर सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव ने करंजाकला विकास खण्ड के लोहता गांव के निवासी राजेश यादव को सपा का जिला सचिव बनाया है। उन्हें पार्टी के दायित्वों का गंभीरता से पालन करने का निर्देश दिया है। इनके अलावा रसीदाबाद निवासी मोहम्मद अहमद अंसारी उर्फ पप्पू को सदर विधानसभा का सचिव नियुक्त किया है। सरायख्वाजा के बड़ऊर गांव निवासी लालजी यादव एवं बृजेश यादव को लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डा रामकरण निर्मल के अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष भानु प्रताप मोर्य ने जिला म उपाध्यक्ष बनाया गया है। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को सदर विधानसभा के अध्यक्ष गजराज यादव, वरिष्ठ नेता डा जितेंद्र यादव, अशोक यादव ने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंप दिया। इस दौरान सुरेंद्र कुमार, अमित बिंद ,मुकेश कश्यप रोहित कुमार, दारा सिंह चौहान ने पदाधिकारियों के मनोनयन पर बधाई दी।

थाना केराकत पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट व गोवध अधि0 मे वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन मे अपराध एवं अपराधियों तथा वाँछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के पर्यवेक्षेण एवं दिशा दृ निर्देशन में थाना केराकत कोतवाली जौनपुर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 33/22 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट मे वांछित अभियुक्त गण 1– कलीम उर्फ डेहरी पुत्र स्व0 रफीक नि0 ग्राम डेहरी थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 24 वर्ष , 2– पिंटू मंसूरी पुत्र नसीम नि0 ग्राम डेहरी थाना केराकत जनपद जौनपुर उम्र 23 वर्ष को आज दिनांक 01.02.2022 को समय करीब 08.15 बजे सुबह ग्राम डेहरी से गिरफ्तार कर चालान सम्बंधित माननीय न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त– 1– कलीम उर्फ डेहरी पुत्र स्व0 रफीक नि0 ग्राम डेहरी थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2– पिंटू मंसूरी पुत्र

नसीम नि0 ग्राम डेहरी थाना केराकत जनपद जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1– मु0अ0सं0 143/21 धारा 3/5/8 गोवध नि0 अधि0 थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2– मु0अ0सं0 33/21 धारा 3(1) गैंगेस्टर एक्ट थाना केराकत जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1– उ0नि0 विवेकानंद सिंह ,चौकी प्रभारी सर्की थाना केराकत जनपद जौनपुर। 2– का0 विश्वास यादव ,का0 बाबूलाल हे0का0 तेजबहादुर सिंह ,हे0का0 राजीव कुमार सिंह ,हे0का0 अनिल कुमार सिंह केराकत जौनपुर।

थाना सरपतहां पुलिस ने अवैध तमंचा–कारतूस के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री अंकित कुमार व थानाध्यक्ष सरपतहाँ श्री संजय कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 01.02.2022 को समय 05.10 बजे सुबह फुलवारिया बाग के पास से थाना सरपतहां पुलिस– उ0नि0 धुरेन्धर प्रसाद, उ0नि0 सच्चितानन्द मय हमराह हे0का0 पवन कुमार, हे0का0 अरशद खान, का0 नागेन्द्र यादव द्वारा अभियुक्त राजकमल मौर्या उर्फ छोटू पुत्र गया प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम डीहअशरफाबाद थाना सरपतहां जनपद जौनपुर के कब्जे से एक नाजायज तंमचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस के साथ बरामद करते हुए गिरफ्तार किया गया, जिसका चालान मा0 न्यायालय किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.राजकमल मौर्या उर्फ छोटू पुत्र गया प्रसाद मौर्या निवासी ग्राम डीहअशरफाबाद थाना सरपतहां जिला जौनपुर। बरामदगी का विवरण–

1. 01 देशी तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर। पंजीकृत अभियोग–1. मु0अ0सं0 32/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। अपराधिक इतिहास– 1.मु0अ0सं0 115/2021 धारा 323/504/506 भादवि0 थाना सरपतहां जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम– 1.उ0नि0 धुरेन्धर प्रसाद,उ0नि0 सच्चितानन्द ,हे0का0 पवन कुमार ,हे0का0 अरशद खान ,का0 नागेन्द्र यादव थाना सरपतहां, जौनपुर।

थाना सरायख्वाजा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट एवं गोवध अधि0 के मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त अरबाज को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देश पर व अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) एवं क्षेत्राधिकारी सदर निर्देशन व पर्वेक्षण में जनपद में चलाये जा रहे अपराध एवं पुरस्कार घोषित , वाछिंत अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर के कुशल नेतृत्व में दिनांक 01.02.2022 को उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह मय हमराह का0 अनुज शुक्ला का0 सन्तोष तिवारी के द्वारा मुखबीर की सूचना पर कोईरीडीहा तिराहे से अभियुक्त अरबाज पुत्र अनीस निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर उम्र करीब 21 वर्ष मु0अ0सं0 36/22 धारा 3 (1) गैगेस्टर एक्ट में दिनांक 1.02.2022 को समय 11.30 बजे प्रातः गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तार कर अभियुक्त को जेल भेजा गया । गिरफ्तार अभियुक्त– 1.अरबाज पुत्र अनीस निवासी लपरी थाना सरायख्वाजा जौनपुर । आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0–386/21 धारा–3ध्5 ।ध्8 गौ0 हत्या नि0 अधि0 व 11 पशु क्रुरता नि0 अधिनियम थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2.मु0अ0सं0–36/22 धारा 3(1) उ0प्र0 गैगेस्टर एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1–

उ0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह ,का0 अनुज शुक्ला , का0 सन्तोष तिवारी थाना सरायख्वाजा जौनपुर।

बजट बहुत ही समावेशी बजट है जो गरीब ग्रामीण सहित समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखता है: पुष्पराज सिंह

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने मंगलवार को संसद में पेश किए गए वर्ष 2022–23 के आम बजट को 'दूरदर्शी' करार दिया और दावा किया कि यह भारत की अर्थव्यवस्था का 'स्केल' बदलने वाला साबित होगा, बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट भारत को 'आत्मनिर्भर' बनाने के साथ ही स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव डालेगा। उन्होंने कहा कि बजट का आकार बढ़ाकर 39.45 लाख करोड़ करना, कोरोना काल में भी भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 6.9 प्रतिशत से घटाकर 6.4 प्रतिशत करना बहुत बड़ी उपलब्धि है उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत राजकोषीय घाटे को चार प्रतिशत से नीचे लाने में सफल होगा। श्री सिंह ने कहा कि रक्षा सहित कई क्षेत्रों में रध्सिर्च और विकास के लिए पर्याप्त राशि आवंटित की गई है, आरएंडडी बजट का 25 प्रतिशत स्टार्टअप और निजी संस्थाओं के लिए आरक्षित करने का प्रस्ताव एक उत्कृष्ट कदम है। यह एक बहुत ही समावेशी बजट है जो गरीब, ग्रामीण और सीमावर्ती क्षेत्रों और पूर्वोत्तर में रहने वाले लोगों सहित समाज के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखता है श्री सिंह ने आगे कहा कि यह आम आदमी के लिए बहुत अच्छा बजट है, इन्फ्रास्ट्रक्चर में 35 प्रतध्शित की वृद्धि की गई है, जो अर्थव्यवस्था को स्वचालित रूप से गति प्रदान करेगा यह एक बूस्टर शॉट है जो देश के पैसे को देश में रखते हुए देश में विनिर्माण को गति देगा। यह एक ऐसा बजट है जो पूंजीगत व्यय पर जोर देता है इससे

निवेश जीडीपी विकास को आगे बढ़ाएगा। यह एक अपस्फीतिकारी बजट है और इससे महंगाई पर नियंत्रण रहेगा इसके परिणामस्वरूप जबरदस्त रोजगार पैदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि क्रिप्टोकरंसी से होने वाली इनकम पर 30 फीसदी टैक्स लगाया गया है इस बजट से अगले 25 सालों की बुनियाद रखी जाएगी, इस बजट में 16 लाख नौकरियां देने का वादा किया गया है। इलेक्ट्रोनिक्स पर लगने वाले टैक्स में छूट मिलेगी, वहीं रत्न और आभूषण पर कस्टम ड्यूटी घटाकर 5 फीसदी कर दी गई है, नकली गहनों पर कस्टम ड्यूटी 400 रुपये प्रति किलो रहेगी, स्टील के स्क्रैप पर कस्टम ड्यूटी एक और साल के लिए बढ़ाई जा रही हैं, इसके अलावा खेती से जुड़े सामान को सस्ता किया जाएगा। दिव्यागों को भी कर राहत का ऐलान किया गया है, इसके अलावा राज्य सरकार के कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा लाभों में मदद करने और उन्हें केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बराबर लाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों की कर कटौती की सीमा 10: से बढ़ाकर 14: की जाएगी।

थाना चन्दवक पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के कुशल निर्देशन में श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर डा0 श्री संजय कुमार एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री शुभम तोदी के निकट पर्यवेक्षण में तलाश वांछित/पुरस्कार घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 01.02.2022 को थानाध्यक्ष श्री राजाराम द्विवेदी के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 22/22 धारा 279/337/338/304A/427 भादवि से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवान्स सिंह पुत्र राकेश सिह नि0 विशुनपुर लेवरूआ थाना चन्दवक जौनपुर को चन्दवक गोमती पुल से समय करीब 10.30 बजे गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में अग्रेतर कार्यवाही प्रचलित है। गिरफ्तार अभियुक्त–1. शिवान्स सिंह पुत्र राकेश सिह नि0 विशुनपुर लेवरूआ थाना चन्दवक जौनपुर। सम्बन्धित अभियोग–1– मु0अ0सं0 22/22 धारा 279/337/338/304A/427 भादवि थाना चन्दवक जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के सदस्य– 1– उ0नि0 श्री उ0नि0 अरुण कुमार पाण्डेय, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर। 2– हे0का0 रामचन्दर सिंह, का0 अवनीश कुशवाहा, थाना–चन्दवक, जनपद–जौनपुर।

थाना बरसठी पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी

मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बरसठी जौनपुर के निर्देशन में उ0नि0 अरविन्द कुमार चौहान मय हमराही कर्मचारी के मुखवीर खास की सूचना पर कि ग्राम आलमगंज नहर पुलिया से विनय दूबे पुत्र शिवशंकर दूबे निवासी ग्राम कूसा थाना बरसठी जनपद जौनपुर निवासी को दि0 01.02.22 समय करीब 8.30 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.विनय दूबे पुत्र शिवशंकर दूबे निवासी ग्राम कूसा थाना बरसठी, जौनपुर। पंजीकृत अभियोग का विवरण–1. मु0अ0सं0 15/22 धारा 386/506 भादवि थाना बरसठी जौनपुर। गिरफ्तारी टीम–1. उ0नि0 अरविन्द कुमार चौहान,का0 रवि पासवान थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

थाना बरसठी पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना बरसठी जौनपुर के निर्देशन में उ0नि0

विनोद सचान मय हमराही कर्मचारी के मुखवीर खास की सूचना पर कि ग्राम मियांचक तिराहा से अभि0 धीरज मोदनवाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम सुरियावां थाना सुरियावां भदोही को दि0 01.02.22 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– 1.धीरज मोदनवाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम सुरियावां थाना सुरियावां भदोही। पंजीकृत अभियोग का विवरण– 1.मु0अ0सं0 218/21 धारा 363/366/376 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट गिरफ्तारी टीम–1. उ0नि0 विनोद सचान, का0 सूरज खरवार थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

सीआरपीएफ ने किया फ्लैग मार्च

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पैरामिलिट्री (सीआरपीएफ)फोर्स व पुलिस के जवानों में मंगलवार को मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के नगर में फ्लैग मार्च किया। जवानों ने सरोखनपुर, सतहरिया, मछली शहर रोड, प्रयागराज रोड, प्रतापगढ़ रोड, पकड़ी गोदाम, जंघई रोड से होते हुए रोडवेज परिसर समेत नगर के मुख्य मार्ग पर फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च कर लोगों को आदर्श आचार संहिता व साप्ताहिक बंदी का पालन कराने और भय मुक्त शत–प्रतिशत मतदान का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अतर सिंह व थाना प्रभारी सदानंद राय ने नगर के मोहल्ला पकड़ी में स्थित प्राइमरी स्कूल निर्धारित बूथ का निरीक्षण भी किया। सीओ अतर सिंह दिनेश कुमार ने ग्रामीणों व नगर के लोगों से कहा कि चुनाव में मतदाता निर्भय होकर मतदान करें। गांव में अराजकता फैलाने वालों, प्रलोभन देने वालों से सावधान रहें। अगर किसी भी तरह का आप पर कोई दबाव देकर मतदान करने के लिए प्रयास कर रहा है, इसकी सूचना थाने में दे। ऐसे असामाजिक तत्व अराजकता फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। फ्लैग मार्च में थाना प्रभारी सदानंद राय, उप निरीक्षक नंदकिशोर शुक्ला, हेड कांस्टेबल मनोज चौबे, कांस्टेबल ओम प्रकाश मिश्रा सीआरपीएफ जवान कमल कुमार, कांस्टेबल गया प्रसाद, कांस्टेबल विनोद कुमार सिंह समेत पुलिस बल मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित करेंगे: राकेश द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वर्चुअल रैली की तैयारी में भाजपा की पूरी टीम जुट गई है। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी भाजपा जौनपुर राकेश द्विवेदी ने जिला कार्यालय पर बैठक की उन्होंने बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओ से कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीब, पीड़ित, किसानों के कल्याण के प्रति समर्पित बवअपक–19 की वैश्विक महामारी के संकट से बचाव हेतु किए गए ऐतिहासिक कार्यों के लिए सभी देशवासी माननीय प्रधानमंत्री का अभिनंदन कर रहे हैं। यह प्रसन्नता का विषय है कि प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 2 फरवरी 2022 को प्रातः 11:00 बजे आत्मनिर्भर व्यवस्था पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पीएम आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर पूरे प्रदेश में भाजपा कार्यकर्ताओं को वर्चुअल संबोधित करेंगे। जिसमें लगभग 500 लोग उपस्थित रहेंगे। उन्होंने भाजपा कार्यालय पर जिला महामंत्री, जिला मंत्री, मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री को वर्चुअल के माध्यम से कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। श्री द्विवेदी ने आगे कहा कि चूंकि कोरोना के चलते बड़ी सभाओं पर रोक है। इसलिए वर्चुअल रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री जनता को संबोधित कर रहे हैं। आत्म निर्भर अर्थव्यवस्था पर होने वाली रैली में कार्यकर्ताओं के अलावा उद्यमियों, व्यापारियों और आम जनमानस को भी आमंत्रित किया गया है। ये बजट पर आधारित वर्चुअल रैली है। इसलिए व्यापारी भाइयों का इसमे रहना

अति आवश्यक है। उन्होंने चुनाव से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले का पांचो विधानसभा में होगा। विधानसभा में निवास करने वाले सभी राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र एवं जिले के पदाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, प्रकोष्ठों, विभागों एवं प्रकल्पो के संयोजक तथा सह संयोजक मंडल अध्यक्ष तथा अन्य कार्यकर्ता भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम में पार्टी के सभी सांसद, विधायक, नगर पालिका के अध्यक्ष, जिला पंचायत के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री ई अमित श्रीवास्तव, सुनील तिवारी, पीयूष गुप्ता, जिला मंत्री राजू दादा, अभय राय, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, जिला कार्यालय मन्त्री विपिन द्विवेदी, विनीत शुक्ला, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा अनिल गुप्ता, जिला संयोजक आईटी रोहन सिंह, जिला संयोजक सोशल मीडिया सिद्धार्थ राय, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, अवनीश यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निगरानी समिति की बैठक उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : विधानसभा सामान्य निर्वाचन– 2022 अन्तर्गत मीडिया मॉनिटरिंग एवं निगरानी समिति की बैठक उप जिलाधिकारी सदर हिमांशु नागपाल की अध्यक्षता में मीडिया मॉनिटरिंग एवं निगरानी समिति कंट्रोल रूम में संपन्न हुई। बैठक में उप जिलाधिकारी ने सभी निगरानी समिति के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम में लगे टेलीविजनो पर उत्तर प्रदेश के समस्त लोकल चौनल चलते रहे तथा उसकी निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार का पोस्टर, बैनर लगाने से पूर्व ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम विकास विभाग तथा नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका/नगर पंचायत से अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक है तथा पोस्टर, बैनर हेतु निर्धारित शुल्क भी जमा करना आवश्यक है। उन्होंने समिति के सदस्यों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वर्तमान में चल रहे सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों की सतत निगरानी की जाए एवं किसी भी प्रकार का ऐसा वीडियो या लेख जो अचार संहिता का उल्लंघन कर रहा हो के बारे में समिति को तत्काल अवगत कराया जाए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी मनोकामना राय, ई–डिस्टिक मैनेजर प्रतीक उपाध्याय, उर्दू अनुवादक सह प्रधान सहायक श्रीमती निगार फात्मा सहित सूचना विभाग के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन द्वारा 2 केजी अप्पू सिलेण्डर का शुभारम्भ

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तरफ से 2 किलोग्राम सिलेण्डर का भव्य शुभारम्भ किया गया। जिसका सुभारम्भ वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय के उपमहाप्रबंधक स्वपन समीर एक्का एवं सुल्तानपुर बिक्री क्षेत्र के अधिकारी अनूप कुमार पांडेय ने प्रचार वाहन लॉन्च किया। इस सिलेण्डर से चाट, टिक्की का ठेला लगाने वाले प्रवासी मजदूर, जो बच्चे दूसरे शहर से आकर पढ़ाई करते है एवं और जो व्यक्ति मार्केट से फुटकर गैस सिलेण्डर भरवाते है वो 2 केजी अप्पू सिलेण्डर से फायदा उठाएंगे। इस 2 केजी सिलेण्डर के लिए कोई भी कागजात की आवश्यकता नहीं है कोई भी व्यक्ति पहचान पत्र दिखाकर 2 केजी का सिलेण्डर प्राप्त कर सकता है। इस सिलेण्डर से तमाम सुरक्षा के मानको को ध्यान में रखते हुए कंपनी ने बाजारों में मिलने वाले अवैध सिलेण्डरों से शहर में निजात मिलेगा और लोग अपनी सुविधानुसार कम पैसे में एलपीजी गैस का लाभ उठा सकते है। आप शहर में मौजूद एचपी गैस वितरको एवम उनके द्वारा बनाए गए एफ टी एल बिक्री केंद्रों से इसका लाभ उठा सकते है। इस कार्यक्रम मेघ्ध्० विमल गैस सर्विस सुक्खीपुर के प्रोपराइटर श्री रतन सोनकर, प्रसाद गैस एजेंसी जलालपुर के प्रो० प्यारेलाल , वैष्णो गैस मड़ियाहूं के प्रो० नीरज सिंह, सावित्री गैस ग्रामीण वितरक एजेंसी के कंचन सिंह, संदीप अखंड प्रताप, अजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

पिता की पुण्यतिथि पर वितरित किया कंबल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के चौनपुर स्थित प्रणवम स्कूल ऑफ चिल्ड्रन आर्ट के प्रबंधक डॉ प्रमोद सिंह ने अपने पिता की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर क्षेत्र के सुजानगंज नारिपुर अरूवा आदि गांवों में जाकर गरीब बस्तियों में कंबल वितरित कर भोजन कराया । डॉ सिंह के पिता वी पी शशिधरन एक समाज सेवक और पेशे से डॉक्टर थे।वे प्रणवम स्कूल ऑफ चिल्ड्रन आर्ट सुजानगंज और चिल्ड्रन स्कूल ऑफ आर्ट महाराजगंज की स्थापना कर शिक्षा के क्षेत्र में भी काम किया।अपने पिता के बारे में प्रमोद सिंह ने कहा की वास्तव के पिता एक घने पेड़ की तरह होते है जो अपने बच्चो पर आने वाले हर मुसीबत को खुद पर झेलकर उन्हें बड़ा करते है।पिता अपने सभी सुखों का बलिदान करके अपने बच्चो के सुखों का पूरा ख्याल रखते है।उनकी कमी उनके न रहने पर पता चलती है।उन्होंने कहा की मैं जीवन पर्यंत अपने पिता के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज। सेवा करता रहूंगा।

ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर बन विभाग द्वारा लगाए गए 50 हरे पेड़ कटवाने पर की जांच की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के बशारतपुर गांव में नाला खाते की जमीन पर करीब 20 वर्ष पूर्व वन विभाग द्वारा लगाए गए सैकड़ो पेड़ो में करीब 50 हरे पेड़ ग्राम प्रधान द्वारा कटवाए जाने पर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों ने प्रधान पर पेड़ कटवाकर खनन कार्य करवाते हुए मिट्टी भी बेच देने का आरोप लगाया है। उक्त गांव निवासी अमित कुमार ने जिलाधिकारी, एसडीएम, डीएफओ एवं पर्यावरण मंत्रालय को लिखित शिकायत करतें हुए आरोप लगाया है कि गांव की नाले की जमीन पर करीब 20 वर्ष पूर्व पर्यावरण की दृष्टि से हरियाली के तहत वन विभाग द्वारा आम, महुआ, शीशम सहित सैकड़ों पेड़ो को लगाते हुए उसे तैयार किया गया था। आरोप है कि बीते 27 जनवरी की रात्रि ग्राम प्रधान पति संजय द्वारा करीब 50 हरे पेड़ो को रात्रि में आनन–फानन में कटवा दिया गया तथा खनन कार्य करवाते हए मिट्टी निकलवाया जाने लगा। अगले दिन सुबह 6 बजे जब ग्रामीणों को जानकारी हुई तो मौके पर पहुँच विरोध दर्ज करवाते हुए मिट्टी खनन कार्य रुकवा दिया गया। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को लिखित शिकायत करतें हुए पर्यावरण को क्षति पहुचाने पर प्रधान के खिलाफ जांच कर वैधानिक कार्यवाही की मांग की है। उधर इस सम्बंध में ग्राम प्रधान पति संजय ने बताया कि हाईवे वालों ने मिट्टी उठाया है। कुछ पेड़ को हम गौशाला के लिए अपने पास रख लिए है बाकी पेड़ ग्रामीण काटकर उठा ले गए।

ग्रामीणों ने कोटेदार पर लगाया अनियमितता का आरोप : वीडियो वायरल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना क्षेत्र के उपाध्यायपुर (पट्टीनरेन्द्रपुर)के ग्रामीणों द्वारा गांव के कोटेदार पर अनियमितता का आरोप लगाने के मामले में एक वीडियो वायरल हुआ हैद्यजिसमें ग्रामीणों ने जिला पूर्ति अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। थाना क्षेत्र के उपाध्यायपुर (पट्टीनरेन्द्रपुर)गाघ्व के ग्रामीणों ने कोटेदार पर घटतौली और समय से खाद्यान्न न देने का आरोप लगाते हुए जिला पूर्ति अधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। आरोप है कि उक्त गांव के कोटेदार राजेश शर्मा द्वारा लम्बे समय से राशन वितरण मे घटतौली की जा रही है द्यसाथ ही लोगों को समय से खाद्यान्न न देकर कोटेदार पर खाद्यान्न की कालेबाजारी का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने मामले में जिला पूर्ति अधिकारी से न्याय की गुहार लगाते हुए नए कोटेदार की नियुक्ति अथवा कोटे को अन्य गांव से सम्बद्ध करने की मांग की है। आरोप लगाने वालों में अनुपम पंडित, आशीष कुमार, रीना, भानमती, सुरसत्ती, अरविन्द समेत दर्जनों कार्डधारक मौजूद रहे।

गोसाईगंज मे भाजपा अपनादल निषाद पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी का जन आशीर्वाद कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के विधानसभा गोसाईगंज में स्थित मया बाजार में एक जनसभा के बीच भाजपा अपना दल निषाद पार्टी की संयुक्त प्रत्याशी अपनी जन आशीर्वाद कार्यक्रम मे, श्रीमती आरती खब्बू तिवारी ने वेदनापूर्ण, रुधे गले सारगर्भित उद्बोधन से जनता के मन में अभूतपूर्व सहानुभूति की लहर दौड़ उठी।इस मौके पर श्रीमती आरती तिवारी ने कहा कि सर्वप्रथम मयाबाजार की इस पवित्र मिट्टी को अपने माथे पर लगाकर नमन करती हूं।यह भूमि मेरे लिए और पवित्र इसलिए भी है, क्योंकि मेरे पति इसी मिट्टी में पैदा हुए आप लोगों के बीच पले बढ़े यह उनकी जन्मभूमि भी है और कर्म भूमि..,मेरे पति सदैव मुझे बताया करते थे।आप लोगों ने सन 2000 मे उनको किस प्रकार जीवनदान दिलाया था,और आप लोगों के आशीर्वाद से ही मुझे उनकी जीवन संगिनी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी धरती पर आप लोगों ने मुझे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद भी दिया था।परंतु जब पुनः मेरे पति का जीवन, मेरा सुहाग, मेरा सिंदूर खतरे में है तब आपकी बहू, आपकी बेटी पहली बार अपनी घर की दहलीज से अपनी 85 वर्ष की बूढी सासू मां को घर पर छोड़कर जिनकी देखभाल की जिम्मेदारी मेरे ऊपर है। अपनी दूधमुही बच्ची को लेकर अपन सिंदूर की रक्षा के लिए आपसे न्याय की गुहार करने निकली है। अपने पिता तुल्य बुजुर्गो माताओं बहनों नौजवान भाइयों से प्रार्थना करती हूं। कि मेरे सिंदूर को बचाइए, मुझे न्याय दिलाइये, क्योंकि विरोधी साजिश करके मेरे पति को जेल की सीकचो में बंद करा दिए हाईकोर्ट में लाखों लाख रुपए खर्च करके बड़े–बड़े

वकीलों को खड़ा करके सजा करवा दिए ,जबकि उसी मामले में दो लोगों को जमानत मिल चुकी है।मैं आप की अदालत में न्याय की गुहार लगाने आई हूं क्योंकि आप की अदालत जनता की अदालत दुनिया की सबसे बड़ी अदालत है।लोकतंत्र में जनता ही असली भगवान है मैं अपने पति की जन्मभूमि कर्मभूमि में जनता से अपने सिंदूर की भीख मांगने आई हूं मुझे पूर्ण विश्वास है आप अपनी बहू ,अपनी बेटी को निराश नहीं करेंगे मेरे आंचल में आप एक एक वोट मेरे पति को जीवन दान देगा मैं शादी के बाद पहली बार घर की दहलीज से निकलकर अपनी सिंदूर की रक्षा के लिए आपके बीच में हूं ।आपका एक एक वोट जहां मुझे न्याय दिलाएगा वही विरोधियों के साजिश को भी करारा जवाब होगा पुनः आपके चरणों में प्रणाम करती हूं । इसके बाद जनसंपर्क गोसाईगंज, वंदन पुर, ओम सिंह अमसिंन शेर वा घाट, जनता का अपार स्नेह आशीर्वाद समर्थन प्राप्त हुआ।

जिले में दिव्यांगजन व महिला माडल बूथ की होगी स्थापना – जिलाधिकारी अयोध्या

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन–2022 में मतदान हेतु दिव्यांगजनों एवं महिलों को प्रेरित कर उनकी अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत जनपद में दिव्यांगजन मॉडल बूथ एवं महिला मॉडल बूथों की स्थापना की जायेगी। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन मॉडल बूथ पर शत–प्रतिशत कर्मचारी दिव्यांगजन एवं महिला मॉडल बूथों पर शत–प्रतिशत महिला कर्मचारी ही मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करायेंगे।जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतन्त्र को सशक्त बनाने में समस्त मतदाताओं की सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने विभिन्न विभागों में कार्यरत दिव्यांग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लोकतन्त्र के इस महत्वपूर्ण पर्व में स्वप्रेरणा से आगे आकर दिव्यांग मॉडल बूथों पर अपनी ड्यूटी लगवाकर मतदान प्रक्रिया में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य जनपद में शत–प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं को मतदान सुनिश्चित कराना है, इसके दृष्टिगत समस्त मतदान केन्द्रों पर दिव्यांगजनों हेतु ट्राइसायकिल की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार जिला निर्वाचन अधिकारी ने महिला मॉडल बूथों पर भी शत–प्रतिशत महिला कार्मिक ही मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न करायेंगे जिसके दृष्टिगत उन्होंने महिला कर्मचारियों को भी स्वप्रेरणा से आगे आकर महिला मॉडल बूथों पर अपनी ड्यूटी लगवाकर मतदान प्रक्रिया को सम्पन्न कराने की अपील की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के सभी मतदाताओं से बिना किसी प्रलोभन के निडर होकर अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

आम आदमी किसानों व युवाओं की उम्मीदों को चकनाचूर करने वाला बजट – मोहम्मद शरीफ

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आम बजट 2022–23 पर प्रतिक्रिया देते हुए पीसीसी सदस्य/जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद शरीफ ने इसे आम आदमी,किसानों व युवाओं की उम्मीदों को चकनाचूर करने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा गरीब को और गरीब एवं रोजगार छीनने वाला बजट है इसमें आम जनता,मध्यम वर्गीय,किसानों व गरीबों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए गए हैं यह अत्यंत दुख की बात है खाने,पीने की वस्तुओं और दालों के रेट बढ़ाए जाने से गरीबों की थाली महंगी होगी। सरकारी कर्मी एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की भी मुश्किलें और बढ़ेंगी।बजट में किसानों व आम लोगों का ख्याल नहीं रखा गया। यह बजट किसानों को और कर्जदार बनाने वाला तथा चंद बड़े पूंजीपतियों को बढ़ावा देने वाला है। आज जो देश का प्राइवेटाइजेशन कर देश की संपत्तियों को प्राइवेट हाथों (देश के चंद उद्योगपतियों) में सौंपा जा रहा,यह निंदनीय है। यह बजट किसान,नौजवान एवं देश विरोधी है।इससे आम जनता की कमर टूट जाएगी एवं सिर्फ पूंजीपतियों को ही फायदा पहुंचेगा। मोहम्मद शरीफ ने तंज कसते हुए कहा बजट पर झूठी वाहवाही करने वाली भाजपा सरकार ने हीरो की ज्वेलरी सस्ती की है और आर्टिफिशियल ज्वेलरी को महंगा किया है इससे इनकी मानसिकता उजागर होती है किया पूंजीपतियों व उद्योगपतियों की सरकार है गरीब और आम जनमानस से इनका कोई सरोकार नहीं है।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन समारोह सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले के कम्पोजिट विद्यालय मुमताज नगर मसौधा के प्रांगण में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत जूनियर स्तर के कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा विज्ञान विषय पर आधारित प्रदर्शनी में सभी विकास खण्डों से चयनित 10 – 10 बच्चों द्वारा पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया गया।इस कार्यक्रम की शुरुआत एडी बेसिक राम सागर त्रिपाठी, उप शिक्षा निदेशक/डायट प्रचार्या संध्या श्रीवास्तव ,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पाण्डेय, जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुनील कुमार श्रीवास्तव के साथ साथ सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों , समस्त एस आर जी एवं सभी विकास खण्ड के विज्ञान ए आर पी की उपस्थिति में सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व कम्पोजिट विद्यालय मुमताजनगर के बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई रोचक सरस्वती वंदना से की गई।इस कार्यक्रम का कुशल संचालन सदक ए हुसैन द्वारा किया गया।इस मौके पर एडी बेसिक,बी एस ए , डायट प्रचार्या द्वारा बच्चों के द्वारा बनाये गए सभी मॉडलों का अवलोकन किया गया तथा बच्चों से उनके मॉडल से संबंधित प्रश्न भी पूछे। जनपद स्तर पर गठित चयन समिति के सदस्यों प्रचार्या डायट , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , राजकीय इंटर कॉलेज के विज्ञान प्रवक्ता , खण्ड शिक्षा अधिकारी तारुन तथा डायट के विज्ञान प्रवक्ता द्वारा सभी बच्चों के मॉडल का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए 10 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों का चयन किया जिसमें विकास खण्ड मसौधा की कम्पोजिट विद्यालय नजीर पुर से रूबी कुमारी , नगर क्षेत्र कम्पोजिट विद्यालय फतेहगंज से आयुष मौर्य , विकास खण्ड हैरिंग्टन गंज की पू मा वि रुरुखास से शेजल सिंह , विकास खण्ड सोहावल के पू मा वि लखौरी के अंश गुप्ता , विकास खण्ड बीकापुर की उच्च

प्राथमिक विद्यालय रामपुर भगन की जागृति कसौधन, विकास खण्ड तारुन के पू मा वि केलालालखां के प्रिंस विश्वकर्मा , विकास खण्ड मिल्कीपुर के पू मा वि गढ़ा के शिवभान , विकास खण्ड मवई की कम्पोजिट विद्यालय रेक्षघाट की आकृति मिश्रा , विकास खण्ड पूरा के कम्पोजिट विद्यालय दर्शन नगर प्रथम के अर्पित तिवारी , विकास खण्ड रुदौली के कम्पोजिट विद्यालय करीम पुर के राम प्रीत के चयन के उपरांत सभी चयनित 10 बच्चों को पुरस्कार में एक विज्ञान किट व एक नवीन आविष्कार से संबंधित पुस्तक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धन करते हुए सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में एस आर जी डॉ अम्बिकेश त्रिपाठी , मनीष रस्तोगी , अमित कुमार मिश्र , अनूप मेहरोत्रा, सदक ए हुसैन, अखिलेश शुक्ला , पल्लवी, रूपम, मंजू , डी सी शुक्ला, प्रीति पाण्डेय, विज्ञान ए आर पी पारिजा श्रीवास्तव, डॉ रजनी रंजन जायसवाल, संतोष कुमार, अर्जुन कुमार मौर्य तथा सभी विकास खण्ड के प्रतिभागियों के विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम के अंत मे जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुनील कुमार श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

किन्नर समाज के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रिचा वर्मा वा अधिवक्ता श्वेता राज सिंह की अनोखी पहल आयी समाज के सामने

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद वीर नायक सिंह के मार्गदर्शन में रिचा वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद की अध्यक्षता में किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा के आवास, गुलाबबाड़ी अयोध्या में किन्नर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, फैजाबाद की रिचा वर्मा द्वारा उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये जा रहे थर्ड जेण्डर समाज उत्थान के अधिकारों के बारें में जागरूक किया एवं किन्नर समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए मेरी पहचान प्रोजेक्ट की शुरुआत की गयी। मेरी पहचान प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य का किन्नड़ समाज को साक्षर करना है। सामाजिक कार्यकत्री वा अधिवक्ता श्वेता राज सिंह के द्वारा किन्नर समाज को साक्षर किया जाएगा, जिससे किन्नर समाज द्वारा अपने मूलभूत अधिकारों के बारे में जान सके। ''मेरी पहचान'' किन्नर समाज को सशक्त करने की पहली पहल जिला अयोध्या में की जा रही है। यह

न्यायपालिका का समाज को दिया जाने वाला अभूत पूर्व योगदान है जिसमें हर किन्नर को उसकी अपनी पहचान मिलेगी, उनको साक्षर किया जाएगा। उक्त शिविर में किन्नर समाज की अध्यक्ष पिंकी मिश्रा, सामाजिक कार्यकत्री एवं जेल विजिटर श्रीमती श्वेता राज सिंह व सामान्य जनमानस उपस्थित रहे।

अयोध्या विधानसभा से योगी के आश्वसन पर माने जगद्गुरु परमहंस : नही लड़ेंगे चुनाव

अयोध्या(संवाददाता) सुरेंद्र कुमार। तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी परमहंस आचार्य अब अयोध्या विधानसभा से विधायकी का चुनाव नही लड़ेंगे। क्योंकि उन्हें खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने 2024 में अयोध्या लोकसभा से भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ाने का आश्वसन दिलाया है। यह बातें परमहंस आचार्य ने मंगलवार को प्रेसवार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा मैंने घोषणा किया था कि अगर भाजपा मुझे अयोध्या विधानसभा से टिकट देती है। तो मैं विधायकी का चुनाव लडूंगा। यदि टिकट नही भी देती तो निर्दल ही लड़ जाऊंगा। इसको लेकर भाजपा के घोषित प्रत्याशी मुझसे निवेदन करने आए थे। लेकिन मैं नही माना और अपने फैसले पर अटल रहा। तो सोमवार की देर रात्रि स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुझसे फोन पर वार्ता किया। उन्होंने कहा कि आपने जो दो काम किए हैं। वह बहुत ही सराहनीय है। पहला जो अन्न–जल का त्यागकर राममंदिर के लिए 12 दिनों तक आमरण–अनशन किया। वह बहुत ही निर्णायक रहा। प्रयागराज कुंभ में भी आप बिना अन्न–जल के 19 दिनों तक अनशन पर रहे। इससे देश में एक बहुत बड़ा संदेश गया। जो राममंदिर के लिए इतना बड़ा अनशन 5 सौ वर्षों में किसी ने नही किया है। परमहंस ने कहा कि दूसरा उन्होंने हिंदू राष्ट्र के लिए मुझे धान्यवाद दिया है। बोले कि हिंदू राष्ट्र के मांग की शुरूवात सबसे पहले आपने किया है। यहां तक कि जल समाधि लेने की घोषणा भी आपने कर डाली, जिसका बहुत ही व्यापक प्रभाव पड़ा। आज देश के तमाम संगठन, साधु–संत, धर्माचार्य हिंदू राष्ट्र के पक्ष में हैं। देश में हो रही तमाम ध

र्मसंसदों में भी हिंदू राष्ट्र का मुद्दा प्रमुखतः से गूंज रहा है। पूरे देश में जो हिंदू राष्ट्र की आवाज उठ रही है। यह आप ही की देन है। जगद्गुरु ने कहा सीएम ने मुझसे निवेदन किया है कि आप विधानसभा न लड़कर लोकसभा का चुनाव लड़िए। यह संगठन भी चाहता है। भाजपा आपका स्वागत करेगी। योगी के आश्वाशन बाद मैंने विचार बदल दिया है। अब मैं विधानसभा चुनाव न लड़कर 2024 में भाजपा के सिंबल पर लोकसभा का चुनाव लडूंगा। जैसा की मुझे आश्वसन मिला है। परमहंस आचार्य ने कहा भाजपा राष्ट्रवाद का काम कर रही है। इसलिए रामलला से प्रार्थना करता हूं कि पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार बने और योगी आदित्यनाथ दोबारा मुख्यमंत्री बनें। मैं भी भाजपा को सत्ता में लाने के लिए चुनाव में प्रचार करूंगा। अपने शिष्य–अनुयायियों के यहां जाऊंगा। उनसे भाजपा को जिताने की अपील करूंगा और मुझे भारतीय जनता पार्टी सरकार पर भरोसा है।

सरकार बनाने के लिये कार्यकर्ता अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे – संजीव सिंह

अयोध्या। (डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता) विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने संगठन स्तर पर अपनी तैयारियां तेज कर दी है। जिला चुनाव संचालन समिति ने चुनाव की कमान संभाल ली है। भाजपा जिला चुनाव संचालन समिति की बैठक मिल्कीपुर में सम्पन्न की गई। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि संचालन समिति के सभी सदस्य एक जिम्मेदार भूमिका में है। सभी को अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए फिर से भाजपा की सरकार बनाने में अपना अहम योगदान देना होगा।इस दौरान जिलाध्यक्ष ने व्यवस्था प्रभारियों से मंडल से लेकर बूथ तक की समीक्षा की और आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मीडिया प्रभारी डॉ रजनीश सिंह ने बताया कि आगामी चुनाव को जोरदार ढंग से लड़ने के लिए जिला स्तर पर 23 सदस्यीय जिला चुनाव संचालन समिति व विधानसभा स्तर पर 27सदस्यीय विधानसभा चुनाव संचालन समिति का गठन किया गया है। चुनाव संचालन समिति में कार्यक्रम, वर्चुअल सभा रैली, बूथ प्रबन्धन , मीडिया, आईटी ,सोशल मीडिया,मतदाता संपर्क, प्रचार,अतिथि, वाहन , आवास ,कार्यालय आदि सहित प्रशासनिक व अनुमति प्रमुख की जिम्मेदारी जिला पदाधिकारी व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सौंपी गयी हैं। जिला संचालन समिति में जिलाध्यक्ष ने पार्टी द्वारा चलाए जा रहे अभियानों डोर टू डोर संपर्क,पन्ना प्रमुख सम्मेलन, शक्तिकेन्द्रों क बैठक आदि की समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी विधायक बाबा गोरखनाथ, जिलामहामंत्री राधेश्याम त्यागी,जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह,बंशीधर शर्मा, अर्जुन सिंह, सुशील मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पुलिस ने कंपनी के एमडी और दो डायरेक्टरों के विरुद्ध दर्ज किया गैंगस्टर एक्ट

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)चिटफंड सोसाइटी से रजिस्टर्ड अनी ग्रुप आफ कंपनीज के एमडी सहित तीन धोखेबाज आरोपियों के विरुद्ध कुमारगंज पुलिस ने यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्यवाही कर दी है। पुलिस कार्यवाही की जानकारी के बाद क्षेत्र के पीड़ित निवेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई है।बताते चलें कि कुमारगंज कस्बा निवासी अजीत गुप्ता ने चिटफंड सोसाइटी से रजिस्ट्रेशन कराने के बाद अनी ग्रुप ऑफ कंपनी नाम से एक फर्म खोल रखा था, जिसमें क्षेत्रवासी ग्रामीणों को कंपनी में पैसा निवेश करने पर दोगुना किए जाने का जबरदस्त प्रलोभन दिया गया था। अयोध्या जनपद सहित पड़ोसी जनपदों के सैकड़ों लोगों का अरबों रुपए कंपनी में जमा कराने के बाद कंपनी के एमडी डायरेक्टर सहित अन्य कर्मी फरार हो गए थे। जिसके बाद पीड़ित निवेशकों की तहरीर पर जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में एक दर्जन मुकदमें दर्ज कर लिए गए थे।मामलों में वांछित आरोपियों की पकड़ धाड़ में जुटी जिले के पुलिस को कड़ी मशक्कत के बाद सफलता मिली थी और कंपनी के एमडी अजीत गुप्ता को लखनऊ से गिरफ्तार किया था। जबकि कंपनी के डायरेक्टर अंजनी कौशल एवं कन्हैया कौशल को कुमारगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दर्जन से अधिक मुकदमों के आरोप में कंपनी का एमडी लखनऊ कारागार में निरुद्ध है, जबकि अंजनी कौशल तथा कन्हैया कौशल मंडल कारागार अयोध्या में निरूद्ध हैं। कुमारगंज थानाध्यक्ष वीर सिंह ने धोखाधड़ी के मुकदमों के आरोपियों पर अपनी त्यौरी चढ़ाते हुए तीनों आरोपियों के विरुद्ध 3(1) यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने हेतु जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रेषित कर दिया। जिलाधिकारी नीतीश कुमार ने बीते 30 जनवरी को आरोपियों के विरुद्ध गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत कार्यवाही किए जाने की संस्तुति प्रदान कर दी जिसके बाद थानाध्यक्ष वीर सिंह अजीत गुप्ता पुत्र भगवती प्रसाद एवं अंजनी कौशल पुत्र ओम शंकर कौशल तथा कन्हैया कौशल पुत्र बरसाती कौशल के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थानाध्यक्ष वीर सिंह ने बताया कि इन मुख्य आरोपियों के अलावा कंपनी के अन्य तमाम लोग जो जेल में निरूद्ध है तथा उनके विरुद्ध तमाम मुकदमे दर्ज हैं। उनके विरुद्ध भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जल्द ही अन्य के विरुद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के पीड़ित निवेशको मे पुलिस द्वारा ताबड़तोड़ की जा रही कार्यवाही को लेकर खुशी का माहौल छा गया है। पीड़ित निवेशकों ने थानाध्यक्ष कुमारगंज के इस बड़ी कार्यवाही की प्रशंसा भी की है।

सपा प्रत्याशी अभय सिंह व भाजपा समर्थक विकास सिंह ने एक दूसरे पर लगाया हमला करने का आरोप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)बीती देर रात जिले के थाना महाराज गंज क्षेत्र में सूत्र के मुताबिक रात में गोशाईगंज विधानसभा से पूर्व विधायक व सपा प्रत्याशी अभय सिंह और व भाजपा समर्थक विकास सिंह के काफिले में शामिल कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे पर हमला करने का आरोप लगाया है।वही इस संबंध में थाना प्रभारी महाराज गंज दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल महाराज गंज थाना पर इस मामले में किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नही मिली है।सूत्र के मुताबिक अयोध्या जिले में बीती रात करीब दस बजे महाराज गंज थाने के सामने कनकपुर रोड पर भाजपा नेता विकास सिंह और सपा प्रत्याशी अभय सिंह का काफिला टकरा गया।आरोप के मुताबिक सपा प्रत्याशी गोशाईगंज पूर्व अभय सिंह के काफिले में शामिल किसी ने विकास सिंह के काफिले की पिछली गाड़ी पर लाठी मारी। जिससे उनकी एक गाड़ी का शीशा टूट गया।बस फिर क्या था, विकास सिंह के काफिले के लोगों ने दौड़ाकर अभय के काफिले की तीन गाड़ियों को क्षतिग्रस्त कर दिया।मिली जानकारी के मुताबिक अभय सिंह भागकर थाने पहुंचे।इसी बीच देखते ही देखते विकास सिंह समर्थक लगभग हजार लोगों ने थाना घेर लिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष महाराजगंज दिनेश कुमार सिंह का कहना है कि दोनों पक्षों में मामूली कहासुनी हुई है,किसी तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई है।वही विकास सिंह का कहना है कि अभय सिंह पिछले चुनाव से ज्यादा बुरी तरह इस चुनाव में हारने जा रहे हैं।इस बौखलाहट में अब वह गुंडागर्दी का खेल कर रहे हैं जनता इसका मुंहतोड़ जवाब आने वाले चुनाव में देगी।वही दूसरी ओर सपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक अभय सिंह ने उनके आरोप को गलत बताया है।

कांग्रेस की जीत में न्याय पंचायत अध्यक्षों की भूमिका होगी अहम–हनुमन्त विश्वकर्मा

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) कांग्रेस पार्टी रूदौली विधान सभा मे अपने घोषित प्रत्याशी दयानन्द शुक्ला की जीत सुनिश्चित करने के लिये अपने न्याय पंचायत अध्यक्षों के साथ मंगलवार को रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया पर बैठक की।बैठक में जनपद प्रभारी हनुमन्त विश्वकर्मा तथा जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव पूजन पाण्डेय उपस्थित थे।प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी हनुमन्त विश्वकर्मा ने उपस्थित न्याय पंचायत अध्यक्षों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिये गांव गांव जाकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों व कांग्रेस पार्टी के संदेशों को जनजन तक पहुंचाएं।जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव पूजन पाण्डेय ने कहा कि इस समय प्रदेश में भाजपा सरकार के विरुद्ध सत्ता विरोधी लहर चल रही है जनता भाजपा सरकार की विदाई करने का मन बना चुकी है बस सभी कार्यकर्ता जन जन तक कांग्रेस का संदेश पहुंचा दें।निश्चित रूप से इस बार कांग्रेस का परचम लहरायेगा।बैठक में ब्लाक अध्यक्ष परमानन्द शुक्ला,न्याय पंचायत अध्यक्ष सलीम अनवर खाँ,जगतपाल रावत,हरिकेश मौर्या,सैयद हुसैन,गया प्रसाद गौतम,वीर बहादुर पाण्डेय,सुरेश तिवारी,शारिक खाँ,राम कृष्ण शुक्ला आदि लोग उपस्थित थे।

पीएम के सम्बोधन को सुनने के लिए हर विधानसभा में की गयी व्यवस्था

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी बीकापुर तहसील संवाददाता)बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वचुअर्ल सभा के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत पर अपना सम्बोधन दिल्ली से दिया।इसको लाईव सुनने की व्यवस्था पांचो विधानसभा में की गयी थी।इस संबंध में पार्टी के मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह व कार्यक्रम प्रमुख राघवेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि 11 बजे गोसाईगंज विधानसभा के रामबली इंटर कालेज में, अयोध्या विधानसभा के सिविल लाईन स्थित डे विला, बीकापुर विधानसभा में सवित्री मैरिज लान मसौधा, रुदौली विधानसभा में रामलीला मैदान, मिल्कीपुर विधानसभा में दरबारीलाल जन सहयोगी विद्यालय में सामूहिक रुप से लाईव सुनने की व्यवस्था की गयी थी। जिसमें बड़ी संख्या में विधानसभावार पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

खलिहान की भूमि पर हुये अवैध अतिक्रमण की शिकायत

अयोध्या।(डाक्टर अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के तहसील रुदौली क्षेत्र के एक गाँव मे खलिहान की भूमि पर हुये अवैध अतिक्रमण की शिकायत उसी गॉव के एक व्यक्ति द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर की गई है।रुदौली तहसील क्षेत्र के ग्राम कटघरा ग्राम जखौली तहसील रुदौली जनपद अयोध्या निवासी अनन्त राम पुत्र कंधई लाल ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत की है कि ग्राम जखौली मे गाटा संख्या 1037 रकबा 0.122 हे० भूमि खलिहान के नाम सुरक्षित भूमि है।इसी भूमि पर लगभग 0.060हे० भूमि पर अद्वेत प्रभा पुत्री पंचई राम ने जबरन कब्जा कर बाउंड्री वाल बना लिया है उसी बाउंड्रीवाल के अन्दर दो कमरे,बरामदा आदि बना लिया है जिससे ग्राम सभा की करोड़ो रुपये की क्षति हो रही है तथा ग्राम सभा मे खलिहान के लिए छोड़ी गई भूमि भी अवैध अतिक्रमण का शिकार हो गई। खलिहान की भूमि पर हुये अतिक्रमण को हटवाने की शिकायत की दर्जनो शिकायत कर चुके है लेकिन राजस्व विभाग के स्थानीय लीपापोती करके झूंठी रिपोर्ट लगा रहा है।अनन्त राम ने प्राशासन से ग्राम जखौली तहसील रुदौली जनपद अयोध्या की गाटा संख्या 1037 खलिहान की भूमि पर अवैध रूप से हुये निर्माण को हटवाते हुये ग्राम समाज की भूमि को जबरन हथियाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।